दैनिक भास्कर 14-09-2023

छात्रों को कॉलेज प्रणाली के बारे में बताया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के नए बैच के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज प्रणाली व उसके कामकाज के बारे में बताना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने नए छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों को जीएमएन का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करना चाहिए, क्योंकि इसे मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद द्वारा ए प्लस ग्रेड कॉलेज के रूप में मान्यता दी गई है। इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट विभाग के अध्यक्ष तथा सदस्य मौजूद थे।